# चक्करपुर में कूड़े के ढेर और कीचड़ भरी सड़कें, लोगों का चलना हुआ मुश्किल

जन एक्सप्रेस




**गुरुग्राम।** देश की राजधानी नई दिल्ली से सटे एनसीआर क्षेत्र के शहर साइबर सिटी गुरुग्राम के चक्करपुर इलाके में गंदगी और टूटी सड़कों ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। समाजसेवी इंजीनियर गुरिंदरजीत सिंह (अर्जुन नगर) ने इस गंभीर समस्या को उठाते हुए नगर निगम और स्थानीय पार्षद की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने बताया कि चक्करपुर से जैना मार्केट को जाने वाली सड़क पर सालों से गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और सड़कें बुरी तरह टूट चुकी हैं। जगह-जगह कीचड़ और गारे से भरी सड़कों के कारण लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार गलियों में कूड़ा जमा है और निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। खासतौर पर पी एम श्री स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों और ट्यूशन जाने वाले छात्रों को रोजाना इस बदहाल रास्ते से गुजरना पड़ता है। गुरिंदरजीत सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का सपना स्वच्छ भारत का है, लेकिन चक्करपुर की स्थिति इस अभियान की हकीकत को उजागर कर रही है। उन्होंने म्युनिसिपल कॉरपोरेशन गुरुग्राम (एमसीजी) और पार्षद से मांग की कि इलाके में तुरंत सफाई अभियान चलाया जाए और टूटी सड़कों का निर्माण कराया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एमसीजी के पास बजट की कोई कमी नहीं है, बल्कि कमी है तो सिर्फ जिम्मेदारी निभाने की।

उन्होंने कहा कि कुछ लापरवाह पार्षदों के कारण विधायक जी के साथ-साथ माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय मुख्यमंत्री जी का नाम बदनाम हो रहा है। लोग कह रहे हैं कि ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद भी गुरुग्राम के चकरपुर में कार्य क्यों नहीं हो रहे और ऐसे ही गुरुग्राम में कितने इलाके हैं जहां पर कोई भी कार्य नहीं हो रहा और गुरुग्राम की जनता गंदगी व टूटी सड़कों से परेशान है।

गुरिंदरजीत सिंह ने कहा कि वे जनता की आवाज प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं।

# अधिक से अधिक संख्या में लोग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं: बेगराज यादव

जन एक्सप्रेस



**गुरुग्राम।** बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव काकरौला स्थित गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के सामने प्रदेश के केबिनेट मंत्री राव नरवीर सिंह की अध्यक्षता में 22 मार्च, रविवार को होने जा रही विकसित बादशाहपुर महारैली न केवल ऐतिहासिक होगी, बल्कि बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कई सौगातें भी मिलेंगी। इस महारैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। उक्त बात भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बेगराज यादव ने लोगों से महारैली में शामिल होने की अपील करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बादशाहपुर विधानसभा को करोड़ों रुपए की विकास योजनाएं देंगे, जिससे न केवल क्षेत्र का विकास होगा, अपितु नागरिकों को अनेक सुविधाएं मिलेंगी। भाजपा कार्यकताओं के समर्पण व जनता के सहयोग से यह महारैली सफल साबित होगी। यह महारैली न केवल जनसमर्थन का प्रतीक बनेगी, बल्कि क्षेत्र के विकास और प्रगति के नए संकल्पों को भी मजबूत आधार प्रदान करेगी। बेगराज यादव ने कहा कि बादशाहपुर विधानसभा के विधायक और प्रदेश के केबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के नेतृत्व में बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति मिली है। उनके प्रयासों से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महारैली में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# रोटरी पब्लिक स्कूल का नया विस्तार उसी सेवा यात्रा का अगला महत्वपूर्ण अध्याय है: डॉ सुशील खुराना

जन एक्सप्रेस



**गुरुग्राम।** रोटरी क्लब गुरुग्राम (आर.आई. डिस्ट्रिक्ट 3011) द्वारा आज सेक्टर 17अ स्थित रोटरी पब्लिक स्कूल एवं स्किल डेवलपमेंट सेंटर के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह का भव्य आयोजन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ रविन्द्र गुगनानी एवं मोनिका गुगनानी के कर कमलों से, रोटरी क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। यह प्रकल्प शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है।

समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रविंदर गुगनानी ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी का उद्देश्य केवल सेवा तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने इस परियोजना को भविष्य निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि शिक्षा और कौशल विकास ही एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर समाज की नींव हैं।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट श्री अजीत जालान ने अपने विचार रखते हुए रोटरी क्लब गुरुग्राम की सराहना की और इसे दूरदर्शी एवं समाज-केंद्रित पहल बताया।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी डॉ. पुष्पा सेठी ने कहा कि रोटरी क्लब गुरुग्राम अपनी विशिष्ट कार्यशैली एवं सेवा भावना के कारण अन्य क्लबों से अलग पहचान रखता है तथा यह स्किल डेवलपमेंट सेंटर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. सुशील खुराना ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के इतिहास को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह संस्थान वर्षों से समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है और यह नया विस्तार उसी सेवा यात्रा का अगला महत्वपूर्ण अध्याय है। रोटरी क्लब गुरुग्राम एवं रोटरी सर्विस ट्रस्ट के चेयरमैन रोटेरियन सुभाष चंद सिंगला ने अपने अध्यक्षता स्वागत संबोधन में सभी रोटेरियन्स एवं अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि

आप सभी की उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ी है। डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं विभिन्न क्लबों से आए साथियों द्वारा दिए गए सहयोग और प्रोत्साहन से हमें इस परियोजना को सफल बनाने की और अधिक प्रेरणा मिली है।

# बादशाहपुर में विकास की बौछार कर रहे कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह: सुरेश यादव

जन एक्सप्रेस



**गुरुग्राम।** वरिष्ठ भाजपा नेता और बीजेपी जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने कहा कि हरियाणा के लोकप्रिय नेता एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के नेतृत्व में 22 मार्च को सुबह 10 बजे कांकरोला, सेक्टर 91 स्थित गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के सामने आयोजित विकसित बादशाहपुर, विकसित हरियाणा महारैली बादशाहपुर के विकास नई इबारत लिखेगी। महारैली को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है और इसके आधार पर स्पष्ट कहा जा सकता है कि इस महारैली में क्षेत्र के लोगों का जनसैलाब उमड़ेगा। यह महारैली विकास की नई गाथा लिखेगी। सुरेश यादव ने कहा कि कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के अथक प्रयास से आयोजित यह महारैली क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक साबित होगी। महारैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास की कई बड़ी सौगातें देंगे। सुरेश यादव ने कहा कि इस रैली का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह कर रहे हैं और इसकी तैयारी जोर-जोर से की जा रही है। सुरेश यादव ने कहा कि महारैली की तैयारी को लेकर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं, साथ ही कार्यकताओं के साथ बैठक कर कैबिनेट मंत्री इस महारैली को सफल बनाने का आह्वान कर रहे हैं। इस दौरान महारैली को लेकर क्षेत्र के नागरिकों का भारी समर्थन प्राप्त हो रहा है। क्षेत्र के लोग इस विकास महारैली की लगातार प्रशंसा कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने लोगों को भरोसा दिया है कि क्षेत्र में विकास से संबंधित जो भी आवश्यक प्रस्ताव हैं उन्हें इस महारैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और निश्चित है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र के विकास का पिटारा खोलेंगे। सुरेश यादव ने कहा कि कैबिनेट मंत्री ने कार्यकताओं की सराहना करते हुए कहा कि विकास कार्यों और योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनके समर्पण, परिश्रम और सक्रिय भागीदारी से ही सरकार की जनहितकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। कैबिनेट मंत्री ने आह्वान किया कि हमारे कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को रैली के लिए आमंत्रित करें। सुरेश यादव ने कहा कि कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के संपूर्ण विकास का संकल्प पूरा करने के साथ पूरे प्रदेश के विकास में महतवपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। दक्षिण हरियाणा के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। और इसी उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री की विकास महारैली का आयोजन किया गया है। सुरेश यादव ने सभी नागरिकों से निवेदन किया कि महारैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस विकास रैली को सफल बनाने में सहयोग करें।

# विमानों की सुरक्षा के पीछे कौन? जानिए एयरक्राफ्ट मेंटिनेस इंजीनियरिंग करियर की पूरी कहानी

जन एक्सप्रेस




नई दिल्ली/गुरुग्राम। भारत में तेजी से विस्तार कर रहे विमानन क्षेत्र ने रोजगार के नए अवसरों को जन्म दिया है। बढ़ती हवाई यात्रा, नए एयरपोर्ट्स का विकास और UDAN जैसी योजनाओं के प्रभाव से देश में विमान सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है। इसी के साथ Aircraft Maintenance Engineering (AME) एक स्थायी और महत्वपूर्ण करियर विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। विमानन विशेषज्ञों के अनुसार, देश में बढ़ते विमान बेड़े के चलते प्रशिक्षित और लाइसेंसधारी अटए पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। DGCA (Directorate General of Civil Aviation) के कड़े सुरक्षा मानकों के कारण इस क्षेत्र में केवल योग्य इंजीनियरों को ही जिम्मेदारी दी जाती है, जिससे इसकी विश्वसनीयता और महत्व दोनों बढ़ जाते हैं।

Aircraft Maintenance Engineering हर उड़ान से पहले विमान की तकनीकी जांच और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना इन इंजीनियरों की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है।

स्टार एवियशन अकैडमी गुरुग्राम के डायरेक्टर का अध्यक्ष श्री एस.एस गिल ने विशेष इंटरव्यू में इस विषय पर बोलते हुए कहा कि: भारत में तेजी से बढ़ रही एविएशन इंडस्ट्री युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आई है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है। अटए ऐसा क्षेत्र है जहां केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन और सुरक्षा के प्रति सजगता अत्यंत आवश्यक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा केवल डिग्री तक सीमित न रहें, बल्कि कौशल और लाइसेंस आधारित प्रोफेशनल बनें। सही प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से ही वे इस क्षेत्र में अपनी विश्वसनीय पहचान बना सकते हैं और देश की एविएशन सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

विमानन मेंटेनेंस इंजीनियरिंग प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था के माध्यम से प्लेसमेंट के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। संस्थान में पिछले वर्षों में भी कोर्स पूर्ण होने के उपरांत छात्रों को शत-प्रतिशत प्लेसमेंट उपलब्ध कराया जा रहा है। अभिभावक एवं छात्र इस क्षेत्र से जुड़ी करियर मार्गदर्शन के लिए गुरुग्राम स्थित में संवाद कर सकते हैं।

इसी क्रम में इस माह एयर इंडिया और इंडिगो जैसी प्रमुख एयरलाइंस द्वारा कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किए गए, जिसमें लगभग 19 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ, जिनमें से 10 का चयन एयर इंडिया में हुआ है। एविएशन इंडस्ट्री का बड़ा नाम है और बहुत वृहद स्तर पर रिक्रूटमेंट प्रोसेस कर रही है।

# ग्रुप- 4 कर्मचारी किसी भी संस्थान के प्रमुख आधार स्तंभ

जन एक्सप्रेस



**गुरुग्राम।** एससीईआरटी हरियाणा गुरुग्राम के दिशा -निर्देश अनुसार डाइट गुरुग्राम में प्रिंसिपल आदरणीया श्रीमती सुमिता रांगी जी के कुशल नेतृत्व एवं ट्रेनिंग विंग इंचार्ज आदरणीय श्रीमती सोना यादव जी की देखरेख में चल रहे ग्रुप -4 कर्मचारियों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। आज समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता आदरणीया श्रीमती सरोज कुमारी दहिया जी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम ने की। इस अवसर पर डाइट के वरिष्ठ प्राध्यापक आदरणीय श्रीमान तखत सिंह चौहान जी भी उपस्थित रहे।

ट्रेनिंग विंग के सदस्य डॉक्टर ओमबीर यादव ने बताया कि आज समापन अवसर पर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर आदरणीय श्रीमती सोना यादव जी ने कार्यक्रम में पधारने पर आदरणीय श्रीमती सरोज कुमारी दहिया जी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर आदरणीय श्रीमती सोना यादव जी ने 5 दिन तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। सरोज कुमारी दहिया जी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम ने समापन अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि ग्रुप-4 कर्मचारी किसी भी संस्थान के प्रमुख आधार स्तंभ होते हैं। एक संस्थान को सुचारू रूप से चलाने में इन कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका एवं जिम्मेदारी होती है। उन्होंने बताया कि ग्रुप -4 कर्मचारियों के लिए पहली बार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे यहां 5 दिन तक लिए प्रशिक्षण का अपने कार्यस्थल पर भरपूर प्रयोग करेंगे और अपने कार्य को और प्रभावशाली तरीके से करेंगे तथा संस्थान की प्रगति में अपना योगदान देंगे। उन्होंने संस्थान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए भी सभी कर्मचारियों से विशेष आग्रह किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर आदरणीय श्रीमती सोना यादव जी ने बताया कि 5 दिन तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के विषयों का प्रशिक्षण दिया गया।

इसमें ग्रुप- 4 कर्मचारियो की भूमिका एवं उत्तरदायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।

इसमें आचरण नियमावली के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया की किस प्रकार कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर अपने आचरण संबंधी व्यवहार का ध्यान रखना होता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुशासन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया की किस प्रकार कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर अनुशासन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। किसी भी संस्थान की प्रगति में अनुशासन का विशेष महत्व होता है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीम भावना से काम करने पर मुख्य रूप से बल दिया गया एवं सभी प्रतिभागियों को विस्तार पूर्वक समझाया गया।

# विपक्ष के नेता राहुल गांधी से माफी मांगे कंगना रनौत: पंकज डावर

जन एक्सप्रेस



**गुरुग्राम।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर की गई ओछी टिप्पणी पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणी करके कंगना रनौत ने अपनी खराब मानसिकता और भाजपा की पाठशाला में क्या सीखा है, इसका परिचय दिया है। उन्हें बिना देरी किए राहुल गांधी से माफी मांगनी चाहिए। वे पहली बार सांसद बनी हैं, जबकि राहुल गांधी राजनीति में उनसे बहुत ज्यादा सीनियर हैं। देश में विपक्ष के नेता के रूप में वे देश के आम और गरीब आदमी की आवाज हैं। पंकज डावर ने कहा कि कंगना रनौत के दिल में कांग्रेस के प्रति नफरत भरी पड़ी है। वह अपने आप को भाजपा के लिए ईमानदार दिखाने के चक्कर में यह तक नहीं सोच पाती कि वह किस पर और क्या टिप्पणी करती हैं। राहुल गांधी पर ओछी टिप्पणी करके कंगना रनौत ने अपने सांसद होने की प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया है। कंगना रनौत को यह समझ में आना चाहिए कि जो राहुल गांधी देश की बेटियों, महिलाओं के सम्मान में सदैव खड़े रहते हैं, उन पर अनाप-शनाप बोलकर वे प्रसिद्धि नहीं पा सकती। राहुल गांधी पर गलत बयानबाजी करके उन्होंने अपना खुद का सम्मान गिराया है। कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी जी देश के आम आदमी की तरह पहनावा पहनते हैं। गरीबों और आम आदमी के घर, परिवार से मिलते हैं। हर गरीब आदमी के साथ खड़े रहते हैं। उनके साथ चलते हैं। उनका यह सब करना भाजपा को रास नहीं आ रहा। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा अपनी महिला नेताओं को आगे करके इस तरह की टिप्पणियां करने की सीख दे रही है क्या।

पंकज डावर ने कहा कि राहुल गांधी में देश की जनता को उम्मीद नजर आ रही है। वे विपक्ष के नेता के रूप में गरीब लोगों की आवाज को बुलंद करते हैं। हर उस मुद्दे को उठाते हैं, जो देश के अंतिम व्यक्ति के लिए सही नहीं होता। सरकार के गरीब विरोधी कार्यों को उजागर करते हैं, ताकि देश की जनता को भाजपा सरकार की हकीकत पता चले। कंगना रनौत जैसे सांसद भले ही संसद में मेज थप-थपाकर देश के आम और गरीब व्यक्ति विरोधी नीतियों का समर्थन करते हों, लेकिन कांग्रेस गरीबों की आवाज संसद में उठाती है। उन्होंने कहा कि कंगना रनौत का व्यवहार हमेशा असामान्य ही नजर आता है। उनकी सोच में कांग्रेस के प्रति जहर भरा है।

# गुरुग्राम रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग को लगभग 3 वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है: मुकेश शर्मा

जन एक्सप्रेस



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बहुप्रतीक्षित रेलवे स्टेशन रीडेवलपमेंट परियोजना को लेकर आज महत्वपूर्ण प्रगति देखने को मिली, जब गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा जी ने निर्माण-पूर्व कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण कार्यों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर कार्यों की गति और गुणवत्ता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्पष्ट किया कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक स्टेशन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि गुरुग्राम के शहरी विकास और परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने वाली पहल है। विधायक ने बताया कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास भारतीय रेलवे के अमृत भारत स्टेशन मॉडल के अनुरूप किया जा रहा है। इस मॉडल के तहत स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं, बेहतर यात्री सेवाओं और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नया स्टेशन न केवल यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित होगा, बल्कि शहर की बढ़ती आबादी और यातायात आवश्यकताओं के अनुरूप एक आधुनिक ट्रांजिट हब के रूप में विकसित होगा।

परियोजना की अनुमानित लागत लगभग ?700+ करोड़ बताई गई है, जबकि नई स्टेशन बिल्डिंग को लगभग 3 वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नई 9-मंजिला इमारत में आधुनिक डिजाइन और स्थानीय संस्कृति का समावेश किया जाएगा, जिससे यह स्टेशन न केवल उपयोगी बल्कि आकर्षक भी बनेगा। परियोजना के तहत प्रस्तावित प्रमुख सुविधाएं इस प्रकार हैं: (1) पहली मंजिल पर अत्याधुनिक यात्री हॉल (2) 50 मीटर चौड़ा एयर कॉन्कोर्स, जिससे आवागमन सुगम होगा (3) तीसरी मंजिल पर रेलवे ऑपरेशन्स से जुड़ी व्यवस्थाएं (4) छठी मंजिल पर कमर्शियल स्पेस, जिसमें कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इन सभी सुविधाओं का उद्देश्य यात्रियों को एक सहज, आरामदायक और आधुनिक अनुभव प्रदान करना है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शुभारंभ वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। स्टेशन का डिजाइन स्थानीय हेरिटेज, संस्कृति और आधुनिक आर्किटेक्चर के संतुलन को दर्शाएगा। विधायक ने कहा कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का यह पुनर्विकास शहर के समग्र विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि शहर को नई पहचान और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना गुरुग्राम को आधुनिक, सुविधाजनक और विश्वस्तरीय शहरों की श्रेणी में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी।